मेट्रो-3 के 26 में से 16 स्टेशन 80% तैयार

तेजी से चल रहा है भूमिगत मेट्रो का काम

■ वसं, मुंबई

File photo

एलिवेटेड मेट्रो के साथ ही मुंबई में जमीन के नीचे भी मेट्रो निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। आलम यह है कि जमीन से 20 मीटर नीचे बन रहे 26 मेट्रो स्टेशनों में से 16 मेट्रो स्टेशन 80 प्रतिशत से अधिक बनकर तैयार हो चुके है। वहीं 7 स्टेशनों का सिविल वर्क 70 प्रतिशत से अधिक पूरा हो गया है। मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो का निर्माण कार्य कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी में किया जा रहा है।

एमएमआरसीएल के अनुसार, एमआईडीसी स्टेशन का सबसे अधिक 85 प्रतिशत तक सिविल वर्क पूरा हो चुका है। एमआईडीसी के बाद सीप्ज स्टेशन 83 प्रतिशत, विधानभवन स्टेशन 84 फीसदी और सीप्ज स्टेशन 83 प्रतिशत तक बनकर तैयार हो चुका है। मरोल नाका स्टेशन 82 प्रतिशत, सिद्धिविनायक स्टेशन 80 प्रतिशत, कफ परेड स्टेशन 82 फीसदी, चर्चगेट और हुतात्मा चौक स्टेशन 81 प्रतिशत तक बन कर तैयार हो गया है। मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी, वर्ली, सहार रोड, डॉमेस्टिक एयरपोर्ट स्टेशन करीब 80 फीसदी सिविल वर्क हो चुका है। सीएसएमटी, दादर, साइंस म्यूजियम, शीतलादेवी, धारावी, बीकेसी, विद्यानगरी स्टेशन 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक बन कर तैयार हो गए हैं। देरी से शुरू हुए गिरगांव स्टेशन का निर्माण कार्य सबसे कम 29 प्रतिशत हुआ है।

राज्य और केंद्र सरकार के विवाद के चलते भले ही मेट्रो कारशेड निर्माण का कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा है, किंतु इस विवाद का असर मेट्रो मार्ग के निर्माण कार्य पर नहीं पड़ा है। टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) व अन्य उपकरण की मदद से करीब पूरा मार्ग तैयार कर लिया है। एमएमआरसीएल के अनुसार, आगामी कुछ दिनों में टनलिंग का शतप्रतिशत काम पूरा कर लिया जाएगा। अब तक 97 प्रतिशत तक टनलिंग और पूरे प्रॉजेक्ट का करीब 70 प्रतिशत सिविल वर्क हो चुका है।

कॉरिडोर के मार्ग पर स्टेशन निर्माण के साथ ही मार्च 2021 से ट्रैक बिछाने के काम की भी शुरुआत कर दी गई है। अब तक 8 किमी से अधिक के मार्ग पर ट्रैक बिछाया जा चुका है। भूमिगत मार्ग पर देश का सबसे हाइटेक ट्रैक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

स्टेशन नाम	काम हुआ (प्रतिशत में)
कफ परेड	82
विधान भवन	84
चर्चगेट	81
हुतात्मा चौक	81
सीएसएमटी	76
कालबा देवी	30
गिरगांव	29
ग्रांट रोड	40
मुंबई सेंट्रल	79
महालक्ष्मी	77
साइंस म्यूजियम	74
आचार्य अत्रे चौक	46
वर्ली	77
सिद्धिविनायक	80
दादर	71
शीतला देवी	67
धारावी	74
बीकेसी	72
विद्यानगरी	76
सांताक्रुज	77
सीएसएमआइए (डी)	77
सहार रोड	77
सीएसएमआइए (आई)	78
मरोल नाका	82
एमआईडीसी	85
सीप्ज	83